दीक्षांत समारोह शिक्षा का समापन नहीं बल्कि विद्यार्थी जीवन का नव आरंभ है : राज्यपाल

- एमपीयूएटी का 19वां दीक्षान्त समारोह आयोजित हुआ
- 40 स्वर्ण पदकों में से 27 पदक छात्राओं ने प्राप्त किए

एमपीयूएटी का 19वां दीक्षान्त समारोह आयोजित हुआ।

उदयपुर, (कासं)। राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने कहा कि फसलों में रासायनिक उर्वरक एवं कीटनाशकों के बढ़ते प्रयोग का खमियाजा मौजूदा पीढ़ी तो भुगत रही है लेकिन यहि क्रम जारी रहा तो आने वाली पीढ़ी हमें कभी माफ नहीं करेगी। प्रदेश में कैंसर रोगियों की संख्या निरंतर बढ़ रही है। अध्ययन और आंकड़े बताते हैं कि आने वाले समय में हर आठवां व्यक्ति कैंसर रोगी होगा। राज्यपाल बागडे सोमवार को महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के 19वें दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। रवीन्द्र नाथ मेडिकल कॉलेज सभागार में आयोजित दीक्षांत समारोह में राज्यपाल व अतिथियों ने कुल 1181 डिग्रीयां व 44 स्वर्ण पदक वितरित किए।

राज्यपाल बागडे ने कहा कि 1980 तक हम अन्य देशों से अनाज आयात करते थे, लेकिन आज 140 करोड़ की आबादी के बावजूद अनाज के मामले में हम न केवल आत्मनिर्भर है बल्कि अतिरिक्त भंडार भी हमारे पास है। उन्होंने उपाधियां व मैडल लेने वाले छात्र-छात्राओं का आव्हान किया कि आने वाले 50-100 सालों में जनसंख्या वृद्धि को ध्यान में रखकर उत्पादन को निरंतर बढ़ाना होगा। नम्रता, सभ्यता, बौद्धिक व शारीरिक क्षमता का भरपूर प्रयोग करते हुए युवा वैज्ञानिक ऐसी किस्में तैयार करे जिसमें प्रोटीन प्रचुर मात्रा में हो। लोगों की क्रय शक्ति बढ़ी है, लोग मुंहमांगा दाम देकर जैविक उत्पाद लेने को आतुर है।

उन्होंने कहा कि दूध उत्पादन में राजस्थान दूसरे स्थान पर है। गोधन भरपूर होने के बाद भी यांत्रिक उपयोग ज्यादा हो रहा है। हमारे यहां की मिठाइयां कंटेनर आकर विदेशों में जा रही है। देसी गाय का दूध ज्यादा गुणकारी है। हमें ऐसी देसी नस्लों के पशुओं के संरक्षण पर ध्यान देना होगा। इस विश्वविद्यालय का नाम जिन महाराणा प्रताप के नाम पर है, वह मेवाड़ के महापराक्रमी योद्धा ही नहीं थे, बल्कि स्वाधीनता के पहले सेनानी थे। दीक्षांत समारोह शिक्षा का समापन नहीं बल्कि विद्यार्थी जीवन का नवआरंभ है। कुल 44 स्वर्ण पदकों में से 27 पदक छात्राओं ने प्राप्त किए है। छात्राओं को अवसर मिले तो वे हर कार्य को करने में सक्षम है। विश्वविद्यालय कृषि क्षेत्र में मौलिक अनुसंधान करे और विशिष्ट फसलों के पेटेंट भी प्राप्त करे। यह जानकर अच्छा लगा है कि विश्वविद्यालय के कृषि वैज्ञानिकों के प्रयासों से 8 पेटेंट हासिल किये हैं। इसी तरह 57 उन्नत कृषि-तकनीक और 5 उन्नत फसल किस्में विकसित की हैं।

उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री के प्रेरणा से भारत सरकार ने राष्ट्रीय खाद्य तेल-तिलहन मिशन प्रारंभ किया है। यह मिशन 2024-25 से 2030-31 तक चलेगा, जिसका मुख्य उद्देश्य तिलहन के उत्पादन को बढ़ाना और भारत को तेल बीजों के मामले में आत्मनिर्भर बनाना है। इस मिशन को सफल बनाने में विश्वविद्यालयों को महत्ती भूमिका निभानी होगी। जैविक एवं प्राकृतिक खेती वर्तमान समय की सबसे बड़ी मांग है। कृषि विश्वविद्यालयों को इस दिशा में कार्य करना होगा।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि कृषि एवं उद्यानिकी मंत्री करोड़ी लाल मीणा ने कहा कि डिग्री लेने वाले सभी युवा जवान हैं। पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने 'जय जवान-जय किसान' का नारा दिया था। सभी नौजवान कृषि छात्रों का जिम्मा है कि किसानों को सम्पन्न व खुशहाल बनाने की दिशा में काम करेंगे तो सही मायने में भगवान की सेवा मानी जाएगी। किसान आपदाओं के सामने कभी नतमस्तक नहीं होता बल्कि पूरी तन्मयता से मुकाबला करता है।

अनुसंधान निदेशक डॉ. अरविन्द वर्मा ने विश्वविद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट पढ़ी। उन्होंने विगत एक वर्ष में अर्जित उपलब्धियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वर्ष 2025 में 05 पेटेंट एवं डिजाइन पंजीकरण अर्जित किये। यह विश्वविद्यालय गत वर्ष अभिनव शोध के आधार पर अब तक कुल 57 पेटेंट एवं डिजाइन पंजीकरण अर्जित कर चुका है। विश्व के शीर्ष 2 प्रतिशत वैज्ञानिकों की सूची में विश्वविद्यालय के 2 वैज्ञानिक डॉ. एन.एल. पंवार एवं डॉ. विनोद सहारण सूचीबद्ध हुए। कार्यऋम में विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपतिगण, पूर्व कुलपति, प्रबंध मंडल व अकादमिक परिषद के सदस्यगण मौजूद थे।

बाइक रोककर चाकू से युवक पर हमला किया

डूंगरपुर, (निसं)। सरोदा थाना इलाके के सरोदा गांव में रविवार रात को चाकूबाजी की घटना हुई। बाइक पर आए 2 बदमाशों ने युवक की बाइक रोककर उस पर चाकू से हमला कर दिया। जिससे युवक पर चाकू के 2 वार सीने और एक पेट पर लगा। वही बीच बचाव में आए दोस्त की भी अंगुलियां कट गई। हमले के बाद दोनों बदमाश भाग गए। जिनको बाद में पुलिस ने पकड लिया। वही गंभीर घायल युवक को सागवाडा से अहमदाबाद अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। घटना के बाद से पूरे क्षेत्र में आक्रोश का माहौल है।

सरोदा गांव में रविवार रात करीब 7 बजे बाद चाकूबाजी की घटना हुई। सरोदा निवासी चिरायु पंचाल पुत्र प्रकाश पंचाल और उसका दोस्त नकुल सेवक दोनों ही खेतों की तरफ गए थे। रात को दोनों खेतों से वापस अपने घर बाइक लेकर लौट रहे थे।

बर्ड रेस के साथ होगा बर्ड फेस्टिवल का आगाज

उदयपुर, (कासं)। उदयपुर बर्ड फेस्टिवल-2026 के 12वें संस्करण के आयोजन को लेकर तैयारियों को अन्तरिम रुप देने सोमवार को वन भवन, उदयपुर के कॉन्फ्रेन्स हॉल में मुख्य वन संरक्षक, वन्यजीव एस.आर. यादव की अध्यक्षता में बैठक हुई।

उप वन संरक्षक, वन्यजीव यादवेन्द्र सिंह चुण्डावत ने बताया कि पूरे भारतवर्ष में विख्यात उदयपुर बर्ड फेस्टिवल के 12वें संस्करण का आयोजन 15 जनवरी से 18 जनवरी, 2026 के दरम्यान नियत है। बैठक में विभिन्न कार्यक्रमों में नियुक्त टीम प्रभारी एवं टीम सदस्यों को होने वाली गतिविधियों के बारे में चर्चा की गई। मुख्य वन संरक्षक, वन्यजीव, श्री यादव ने फेस्टीवल के सफल आयोजन हेतु सभी की भागीदारी का आव्हान किया। बैठक में उप वन संरक्षक, शैतान सिंह देवडा, सहायक वन संरक्षक सुरभी शर्मा, सेवानिवृत वन अधिकारी सतीश शर्मा, डब्ल्यूडब्ल्यूएफ प्रतिनिधि अरुण सोनी, वन्यजीव प्रेमी देवेन्द्र श्रीमाली, दर्शन मेनारिया, उमेश मेनारिया, देवेन्द्र मिस्त्री, पुष्पा खमेसरा आदि उपस्थित रहे।

चुण्डावत ने बताया कि बर्ड फेस्टिवल के प्रथम दिन 15 जनवरी को बर्ड रेस का आयोजन किया जाएगा। उसी दिन पक्षी एवं प्रकृति प्रेमियों हेतु फोटोग्राफी की बारीकियां सिखाने के उद्देश्य को लेकर अपरान्ह 3 बजे वन भवन, उदयपुर के कॉन्फ्रेन्स हॉल में निकोन एवं केनन वर्कशॉप का भी आयोजन रखा गया है।

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)
कार्यालय सहायक आयुक्त देवस्थान विभाग, उदयपुर
नोटिस
पत्रावली संख्या:- 207/2025/4447 दिनांक- 19.12.25
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 23 (2) के अधीन नोटिस सम्बन्धित व्यक्तियों को

चूंकि श्री जगदीश शर्मा अध्यक्ष ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम, 1959 की धारा-23 के अन्तर्गत मंदिर श्री विश्वकर्मा जी (सुथार समाज), 35, नाईयों की तलाई, उदयपुर प्रन्यास के सम्बन्ध में प्रन्यासी परिवर्तन एवं संशोधित विधान को दर्ज किये जाने के लिये आवेदन पत्र दिया है।

अतएव धारा 23 (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपयुक्त प्रन्यास, जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से 30 (तीस) दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करे। ओर यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां प्रस्तुत नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।

आज दिनांक 19.12.25 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आगामी पेशी तारीख 23.1.26 की रखी गयी है।

(जतीन कुमार गांधी)
सहायक आयुक्त
देवस्थान विभाग, उदयपुर

सांवलिया सेठ के एक माह के भंडार से 29.32 करोड़ का चढ़ावा मिला

मंडफिया, (निसं)। मेवाड़ अंचल के प्रमुख तीर्थ स्थल भगवान श्री सांवलिया जी सेठ मंडफिया के दरबार में गत 18 दिसंबर चतुर्दशी को खोले गए भंडार की शेष रही राशि की गिनती मंदिर बोर्ड अध्यक्ष हजारी दास वैष्णव की उपस्थित में चौथे चरणों में संपन्न हुई।

मंदिर अध्यक्ष हजारी दास वैष्णव ने बताया कि चौथे चरण में हुई भंडार गिनती में 49 लाख 84 हजार 395 रुपए नगद प्राप्त हुए। इससे पूर्व तीन चरणों में हुई गिनती में 22 करोड़ 30 लाख 85 हजार रुपए नगद प्राप्त हुए थे। उन्होंने बताया कि चारों चरणों की गिनती को मिलाकर कुल 22 करोड़ 80 लाख 69 हजार 395 रुपए की नगद प्राप्त हुए। अध्यक्ष वैष्णव ने बताया कि इसके अलावा भंडार से निकले सोने-चांदी का तोल भी किया गया। भंडार से 1 किलो 250 ग्राम सोना व 44 किलो 400 ग्राम चांदी प्राप्त हुई। उन्होंने बताया कि विभिन्न भक्तों द्वारा मंदिर कार्यालय में 535 ग्राम 910 मिली ग्राम सोना व 55 किलो 444 ग्राम चांदी भेंट स्वरूप जमा हुई। अध्यक्ष वैष्णव ने बताया कि इसके अलावा विभिन्न भक्तों ने विभिन्न स्थानों से मनी ऑर्डर भेजकर,ऑनलाइन द्वारा एवं स्वयं उपस्थित होकर मंदिर कार्यालय में 6 करोड़ 51 लाख 35 हजार 525 रुपए भेंट जमा किए। भगवान श्री सांवलिया जी सेठ के एक माह के भंडार एवं भेंट कक्ष कार्यालय से कुल 29 करोड़ 32 लाख 4 हजार 920 रुपए का नगद चढ़ावा मिला। भंडार गिनती में मंदिर अध्यक्ष वैष्णव, मंदिर बोर्ड सदस्य सहित मंदिर कर्मचारी एवं बैंक कर्मी उपस्थित थे।

भंडार गिनती में मंदिर अध्यक्ष, मंदिर बोर्ड सदस्य सहित मंदिर कर्मचारी एवं बैंक कर्मी उपस्थित थे।

क्रिसमस डे पर बनाई नौ अनोखी कलाकृतियां

उदयपुर, (कासं)। स्वर्ण शिल्पी 121 वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर प्रोफेसर डॉक्टर इकबाल सक्का ने क्रिसमस डे के पर्व पर विशेष कलाकृतियों से क्रिसमस का तोहफा दिया है। प्रो. डॉ. सक्का ने क्रिसमस डे के मौके पर घास की झोपडी बनाकर उसमें एक घास की टोकरी भी बनाकर उसे टोकरी में आसमान से पैदा हुए हजरत ईसा अलैहिस्सलाम सलाम को चांदी से मात्र 3 मिली मीटर साइज के बालक के रूप में घास की टोकरी में दर्शाया है साथ में ईसा मसीह की कुछ निशानियां भी बनाई है जिसमें एक सेंटी मीटर का चांदी का चर्च, 3 मिली मीटर का क्रॉस, 3 मिली मीटर की मछली, तीन मिलीमीटर की बेल तीन मिलीमीटर का कांटों का ताज व तीन मिमी की मोमबत्ती तथा 3 मिमी का स्टार, तीन रंगों में सजी इन सभी 9, कलाकृतियों को घास की झोपडी में प्रदर्शन किया है।

पाहेर विवि में राष्ट्रीय गणित दिवस मनाया

उदयपुर, (कासं)। पाहेर विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय में राष्ट्रीय गणित दिवस उत्साह और अकादमिक गरिमा के साथ मनाया गया। यह आयोजन महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयंती के अवसर पर आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों में गणित के प्रति रुचि जागृत करना एवं इसके आधुनिक अनुप्रयोगों से उन्हें अवगत कराना था।

मुख्य वक्ता कुवैत स्थित अमेरिकन यूनिवर्सिटी ऑफ मिडिल ईस्ट की शिक्षाविद डॉ. लिया डी'कोस्टा रहीं। उन्होंने अपने संबोधन में गणित की वैश्विक प्रासंगिकता, शोध की नवीन दिशाओं तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में गणित की केंद्रीय भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। उनके व्याख्यान से विद्यार्थियों और शोधार्थियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गणितीय अनुसंधान की समझ मिली। अध्यक्षता विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संकाय के फैकल्टी चेयरमैन प्रो. दिलेन्द्र हिरण ने की।

कार्यालय उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर (राज.)
क्रमांक: F.7( )B.PLAN/MISC/2025-26/1998 **आम सूचना** दिनांक : 22/12/2025
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राज्य सरकार के द्वारा दिनांक 14-10-2024 को विकास प्रोत्साहन एवं नियंत्रण उपविधियां (Development Promotion & Control Regulations) हेतु जारी अधिसूचना एवं इसकी निरन्तरता में समय-समय पर जारी आदेशों/परिपत्रों/अधिसूचनाओं आदि की अनुपालना मे निम्नलिखित प्रकरण भू-उपयोग परिवर्तन बाबत् विचाराधीन है:-

क्र. सं.	आवेदक का नाम	राजस्व ग्राम/योजना	खसरा संख्या/ब्लॉक संख्या	भूखण्ड संख्या	क्षेत्रफल	भूखण्ड/भूमि की स्थिति	भू-उपयोग परिवर्तन
1	श्री राकेश भण्डारी पिता स्व. श्री बिरेन्द्र बहादुर सिंह भण्डारी	भुवाणा	1282, 1287 से 1290	01	21393.04 वर्गफीट	आर.के. सर्कल से भुवाणा गांव को जाने वाली 150 फीट सडक पर श्रीनाथ नर्सरी के समीप स्थित है।	आवासीय उपयोग से वाणिज्यिक प्रयोजनार्थ

उक्त प्रकरण के भू-उपयोग परिवर्तन के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्राधिकरण कार्यालय में इस सूचना जारी होने की तिथि से 15 दिवस में किसी भी कार्य दिवस में निम्नहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत कर सकते है। इस समयावधि में कोई आपत्ति प्राप्त नही होने पर भू-उपयोग परिवर्तन बाबत अग्रिम कार्यवाही की जायेगी।
सचिव, उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर

फ्रेशर कम फेयरवेल समारोह का आगाज

उदयपुर, (कासं)। 22 दिसम्बर। राजस्थान विद्यापीठ के संघटक डिपार्टमेंट ऑफ ट्रैवल टूरिज्म एंड होटल मैनेजमेंट एवं बीबीएम के विद्यार्थियों की ओर से जर्नी ऑफ बॉलीवुड थीम पर आयोजित फ्रेशर कम फेयरवेल समारोह का आगाज कुलपति प्रो. शिवसिंह सारंगदेवोत, कुल प्रमुख कुलाधिपति भंवर लाल गुर्जर, निदेशक डॉ. मधु मुर्डिया ने मॉ सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्पांजलि व दीप प्रज्जवलित कर किया।

समारोह का आगाज गणपति वंदना से हुआ। विद्यार्थियों ने राजस्थानी, पंजाबी एवं रिमिक्स गानों पर जमकर प्रस्तुति दे उपस्थित अतिथियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने अपने जीवन के अनुभवों को साझा किया। चयन प्रक्रिया के बाद रिंजल जैन मिस फ्रेशर, शिफ्तेन खान मिस्टर फ्रेशर, कनिष्का शक्तावत मिस ग्लेम, जयेश वैष्णव मिस्टर चुने गये। निर्णायक की भूमिका डॉ. सुनिता मुर्डिया, खुशबू जैन ने निभाई। मिस व मिस्टर का ताज पहनाते हुए कुलपति प्रो. शिवसिंह सारंगदेवोत ने कहा कि महाविद्यालय की ओर से आयोजित समारोह में विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा का दिखाने का अवसर मिलता है, लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढेगे तो कभी असफल नहीं होंगे। आपको जीवन में करना क्या है उसी के अनुसार रोड मेप तैयार करे और इसी दिशा में आगे बढ़े। आज के युवाओं को ये भी नहीं पता कि उन्हें करना क्या है।

आरोपी गिरफ्तार

डूंगरपुर। जिले के एक गांव में 2० दिसंबर को एक आठ वर्षीय बालिका के साथ अश्लीलता करने वाले एक युवक को 24 घंटों में ही गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधीक्षक मनीष कुमार ने बताया कि जिले के एक गांव में एक घर पर ०8 वर्षीय व ०6 वर्षीय बालिका अकेली थी। नन्दो? निवासी निर्मल सिंह पुत्र अमर सिंह राव उनके घर पर गया और उनको अकेला पाकर छोटी बालिका को चॉकलेट देने के लिए दुकान पर भेज दिया और बडी बहन के साथ अश्लीलता की। उसके पश्चात् परिजन घर पर पहुंचे तो बालिका ने घटनाक्रम से आवगत कराया तो उन्होंने पुलिस को रिपोर्ट दी।

प्रारूप-10 (नियम-6(7) देखिए)
कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त नगपालिका नाथद्वारा जिला-राजसमन्द
सं./न.पा.नाथ/90क/25/15607 दिनांक: 16.12.25
-: लोक सूचना :-
श्री मनीष पुरोहित पिता श्री रामचन्द्र पुरोहित निवासी 29, मनीषपुरी, इंदोर कनाडिया रोड, इंदोर, मध्यप्रदेश ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर-कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात् -

जिले सहित तहसील का नाम	ग्राम का नाम	खसरा संख्या	क्षेत्र
नाथद्वारा, जिला-राजसमन्द	उपली ओडन	590, 591, 592, 595 597, 598, 599, 600	कुल किता-08 रकबा 0.8062 हैक्टेयर

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जावेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा।
यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 16.12.2025 को जारी की गयी।
प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त , नगरपालिका नाथद्वारा

राज्यपाल बागड़े से की अनौपचारिक भेंट

उदयपुर, (कासं)। उदयपुर में राजस्थान विद्यापीठ के कुलपति प्रो. शिवसिंह सारंगदेवोत ने सोमवार को राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागडे से अनौपचारिक भेंट कर आगामी ०7 जनवरी 2026 को भूपाल नोबल्स विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित दूसरे दीक्षांत समारोह की जानकारी दी एवं मुख्य अतिथि के रूप में आने का न्यौता दिया। इस मौके पर पुर्व कुलपति एवं राज्यपाल सलाहकार प्रो. कैलाश सोडाणी मौजूद थे।

राजस्थान विद्यापीठ के कुलपति प्रो. शिवसिंह सारंगदेवोत ने संस्थान की ओर से बागड़े का उपरणा, बुके देकर स्वागत किया।

Name Changed
I Have Changed My Name From Salma Perveen to Salma Parveen For All Purposes. In Future Be Called and Known by new name. R/o 43, Shiv Badi, Kharol Colony, Udaipur, Raj.

Name Changed
I Have Changed My Name From Majida D/o Murtaza Jawriawala Holding Passport No N7015325 to Majida Jawria For All Purposes H. No-14 Khanpura Choti Bhurawadi Udaipur, Rajasthan-313001

Name Changed
I Have Changed My Name From Hement Sharma to Hemant Sharma For All Purposes. 23-Gangaur Ghat Marg, Udaipur (Raj.)-313001

शिल्पग्राम उत्सव : विभिन्न राज्यों के लोक गायन और लोक नृत्यों ने धूम मचाई

मुक्ताकाशी मंच पर विभिन्न राज्यों के लोक गायन और लोक नृत्यों ने साकार किया।

- मुक्ताकाशी मंच पर गोवा, राजस्थान, ओडिशा, महाराष्ट्र की लोक संस्कृति हुई साकार
- मराठी लावणी और कथक के फ्यूजन ने धूम मचाई, कोरियोग्राफिक डांस में दिखा लोक नृत्यों का अनूठा संगम

उदयपुर, (निसं)। 'लोक के रंग-लोक के संग' थीम को सोमवार को मुक्ताकाशी मंच पर विभिन्न राज्यों के लोक गायन और लोक नृत्यों ने साकार किया। इन प्रस्तुतियों को देखकर दर्शक मंत्र मुग्ध हो गए। वहीं, उत्सव के दौरान शिल्पग्राम के विभिन्न थड़ों पर भी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां सुबह से शाम तक दर्शकों का मन मोह रही हैं। इसके साथ ही बंजारा मंच पर 'हिवड़ा री हूक' में जहां मेलार्थियों ने खुद प्रस्तुतियां देकर लुत्फ उठाया, वहीं बीच-बीच में संचालक सौरभ भट्ट ने प्रश्नोत्तरी चलाकर प्रोग्राम को और रोचक बना दिया।

मुक्ता काशी मंच पर सोमवार शाम मुख्य कार्यक्रम में राजस्थान के मांगणियार गायन और सफेद आंगी गेर के साथ ही डेरू डांस ने सामयीन का दिल जीता, वहीं इस प्रोग्राम को ओडिशा के संभलपुरी डांस ने द्विगुणित बना दिया। इसके साथ ही गोवा के घूमट गायन ने मंच पर गोवा का माहौल बना दिया। इस शाम में लोक संस्कृति के अनूठे संगम को पेश कर कोरियोग्राफिक प्रस्तुति ने खूब वाहवाही लूटी। इसमें गोवा के देखनी व घोड़े मोदनी, मणिपुर के लैहारोबा, कश्मीर के रौफ, राजस्थान के लाल आंगी व चरी, कर्नाटक के पूजा कुनिता व ढालू कुनिता, महाराष्ट्र के सोंगी मुखौटा, पंजाब के लुड्डी तथा गुजरात के तलवार रास व राठवा नृत्यों का महासंगम दिखा। इस प्रस्तुति को तराशा दिल्ली के प्रसिद्ध कोरियोग्राफर सुशील शर्मा ने। इसे देख दर्शक सम्मोहित से हो गए।

कार्यक्रम में श्रद्धा सतवीडकर एंड ग्रुप के मराठी लावणी लोक नृत्य के साथ नितिन कुमार एंड ग्रुप के कथक के खूबसूरत फ्यूजन में क्लासिकल और फोक के अनूठे संगम ने दर्शकों का मन मोह लिया। इससे पूर्व, डॉ. प्रेम भंडारी के निर्देशन में राजस्थानी लोक गीतों पर आधारित कर्णप्रिय मेडले की प्रस्तुती ने श्रोताओं की खूब सराहना पाई। इस प्रस्तुती में खास बात कलाकारों ने बिना लोक गायन की मूल शैली को बदले खूबसरती से इसमें क्लासिकल पुट दिया, जिस पर संगीत प्रेमी श्रोता वाहवाही कर उठे। शाम के मुख्य कार्यक्रम के अलावा शिल्पग्राम में विभिन्न थड़ों पर भी लोकरंजक प्रस्तुतियां सुबह 11 बजे से शाम 6 बजे तक निरंतर जारी हैं। इनमें मुख्य द्वारा के पास तुतारी, आंगन में बीन जोगी, कच्ची घोड़ी और बाजीगर, देवरा में गोंधल, बन्नी पर मांगणियार, सम पर घूमट, दर्पण फूड कोर्ट के पास घूमर और चकरी, भूजोड़ी पर चकरी, बड़ा बाजार नुक्कड़ पर पोवाड़ा, गोवा ग्रामीण पर कठपुतली, दर्पण द्वार पर सुंदरी और बड़ा बाजार में मसक वादन की प्रस्तुतियां और विभिन्न मॉडल्स का प्रदर्शन किया जा रहा है। इसके अलावा प्रांगण में बहरूपिया विभिन्न स्थानों पर घूमते हुए मेलार्थियों का भरपूर मनोरंजन कर रहा है।

सांसद खेलकूद प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ

राजसमन्द। खेल न केवल शारीरिक एवं मानसिक विकास का माध्यम हैं, बल्कि अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता को भी मजबूत करते हैं। युवाओं से खेलों को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने का आव्हान करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों की प्रतिभाओं को आगे बढने का मंच मिलता है।

खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने की अपील की और कहा कि सांसद खेलकूद प्रतियोगिता के माध्यम से क्षेत्र के खिलाडियों को नई पहचान और अवसर प्राप्त होंगे। जिला मीडिया संयोजक अरविंद सिंह भाटी ने बताया कि यह बात सांसद खेलकूद प्रतियोगिता के शुभारंभ पर राजसमन्द सांसद महिमा कुमारी मेवाड ने कही इस अवसर पर कार्यक्र की अध्यक्षता कर रहे भाजपा जिला अध्यक्ष जगदीश पालीवाल ने कहा कि खेलकूद प्रतियोगिताएं युवाओं को नशा, कुरीतियों और नकारात्मक प्रवृत्तियों से दूर रखकर सकारात्मक दिशा में आगे बढने की प्रेरणा देती हैं।

बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda
बस्सी शाखा, बस्सी, बस स्टैंड के पास, जिला चित्तौड़गढ़, राजस्थान, फोन नं.: 01472-225224
ई-मेल: bassi@bankofbaroda.com
प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम, 2002, परिशिष्ट IV [नियम 8(1) देखें]
कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति के लिए)
जबकि
निम्नहस्ताक्षरकर्ता बैंक ऑफ बड़ौदा के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (2002 का अधिनियम संख्यांक 54) के अंतर्गत और धारा 13(12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में, प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित, ऋणी श्री गुलाम जाफर पुत्र श्री गुलाम हजरत पर मांग सूचना दिनांक 20.09.2025 पर उस सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर दिनांक 19.09.2025 को बकाया राशि रू. 12,67,281.24 (रूपये बारह लाख सड़सठ हजार दो सौ इक्यासी एवं पैसे चौबीस मात्र) (दिनांक 13.09.2025 तक ब्याज शामिल करते हुए) एवं इससे आगे का ब्याज व अन्य खर्चे व लागतों का पुनर्भुगतान करने के लिए मांग सूचना जारी की गई।
ऋणी द्वारा राशि का पुनर्भुगतान करने में असफल होने पर एतद्वारा सूचना ऋणी और आम जनता को दी जाती है कि निम्नहस्ताक्षरकर्ता ने दिनांक 17, माह दिसम्बर, वर्ष 2025 को उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के अंतर्गत, उक्त अधिनियम की उपधारा 8 के साथ पठित उस पर प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में एतस्मिन नीचे वर्णित सम्पत्ति को कब्जे में ले लिया है।
ऋणी को विशेष एवं आम जनता को एतद्वारा सम्पत्ति के साथ कोई संव्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्ति के साथ किया गया कोई भी संव्यवहार दिनांक 19.09.2025 को बकाया राशि रू. 12,67,281.24 (रूपये बारह लाख सड़सठ हजार दो सौ इक्यासी एवं पैसे चौबीस मात्र) (दिनांक 13.09.2025 तक ब्याज शामिल करते हुए) एवं इससे आगे का ब्याज व अन्य खर्चे व लागतों का पुनर्भुगतान करने के लिए बैंक ऑफ बड़ौदा, बस्सी शाखा, बस्सी, बस स्टैंड के पास, जिला चित्तौड़गढ़, राजस्थान के प्रभार के अधीन होगा।
कर्जदार का ध्यान, प्रतिभूत आस्तियों को छुडाने के लिए, उपलब्ध समय के संबंध में, अधिनियम की धारा 13(8) के प्रावधान की ओर आकृष्ट किया जाता है।
अचल सम्पत्ति का वर्णन
सम्पत्ति के सभी अभिन्न अंग गठित होते हैं जो कि श्री गुलाम जाफर पुत्र श्री गुलाम हजरत के नाम आवासीय मकान जो पट्टा नं. 4025, आबादी गाँव बस्सी, तहसील बस्सी, जिला चित्तौड़गढ़, राजस्थान पर स्थित है, जिसका क्षेत्रफल 697 वर्ग फीट है। सीमाएं- उत्तर: आम रोड़, दक्षिण: घोष की भूमि, पूर्व: घोष का मकान, पश्चिम: श्री खलील का मकान
स्थान: बस्सी (चित्तौड़गढ़) हस्ता.
दिनांक: 17.12.2025 प्राधिकृत अधिकारी

:- आम सूचना :-
यह आम सूचना वर्धमान डवलपर्स भागीदारी फर्म नाथद्वारा, तहसील नाथद्वारा, जिला राजसमन्द के भागीदार श्री गणेश पिता श्री मांगीलाल डागलिया निवासी नाथद्वारा की ओर से प्रकाशित कर सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वर्धमान डवलपर्स भागीदारी फर्म के स्वामित्व का राजस्व ग्राम नाथद्वारा, तहसील नाथद्वारा जिला राजसमन्द में स्थान बड़ा मगरा की तलहटी में सामान्य चिकित्सालय के आगे पानेरियों की मादड़ी जाने वाले रास्ते के दक्षिण दिशा में गिरिराज विला के परिसर में एक मकान (बंगला) स्थित है जिसके नम्बर बी-5 होकर इस मकान के पूर्व में बंगला संख्या-बी 6, पश्चिम में सेट बेक की खुली जगह, उसके आगे अन्य भुमि, उत्तर में आम रास्ता 25 फीट, दक्षिण में कोमन जगह। उपरोक्त पड़ौसों के मध्य स्थित मकान जिसमें भूतल, प्रथम मंजिल एवं द्वितीय मंजिल पर अर्द्ध निर्मित मकान का वर्धमान डवलपर्स भागीदारी फर्म की ओर से भागीदार मुझ गणेश लाल एवं श्री बृजमोहन तापड़िया द्वारा श्रीमती चन्द्रकला तापड़िया